हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 14 मई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 शराब के नशे में युवक ने खुद को लगाई आग, इलाज...



09 नपा की बैठक आज, विकास के मुद्दे नहीं रखने पर हो...



खबर संक्षेप

अदिति जैन ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में 94.2 % अंक प्राप्त किए



सागर। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल सागर की आर्ट्स स्ट्रीम की छात्रा अदिति जैन ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 94.2 % प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति ने राजनीति विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किए। स्कूल की छात्रा आर्या जैन ने 93.6 % प्रतिशत वाणिज्य संकाय मैं प्राप्त किए हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्था की अध्यक्ष पारुल साहू केशरी और प्रधानाचार्य लिसी लुईस ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी है।

उर्पाजन संबंधी समीक्षा बैठक 15 मई को

सागर। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में उर्पाजन संबंधी कार्य की समीक्षा बैठक 15 मई को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सक्षाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

आंगनबाड़ी सहायिका पदों पर चयन सूची जारी

सागर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका पदों के लिए चयन सूची जारी कर दी गई है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण क्रमांक-1 द्वारा जारी सूचना के अनुसार एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है। जारी सूची के अनुसार जिले के सदर वार्ड क्रमांक-04 से डिम्पल राठौर तथा पंतनगर वार्ड से कौशल्या कोरी का चयन आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु किया गया है। विभाग द्वारा बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज करा सकता है।

जन्म तप मोक्ष कल्याणक पर महामस्तकाभिषेक 15 मई को

सागर। भगवान शांतिनाथ स्वामी के जन्म-तप और मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य मे 15 मई शुक्रवार को नगर के जिन मंदिरो मे अभिषेक, पूजन, शांतिधारा के साथ साथ महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सिरोंजा स्थित शांतिनाथ धाम मे सुबह 6:30 बजे शांति धारा पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए जावेंगे। विधानाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री के निर्देशन मे शांति विधान संपन्न होगा। कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर मे भगवान शांतिनाथ स्वामी का विशेष अभिषेक पूजन होगा। मंगलगिरी अतिशय क्षेत्र मे भी अभिषेक पूजन के बाद शांतिधारा होगी।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

सागर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा आयोजित की जा रही है। वैष्णोदेवी-अमृतसर एवं हरिद्वार-ऋषिकेश यात्राओं का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जारी जानकारी के अनुसार वैष्णोदेवी-अमृतसर यात्रा के लिए 262 यात्रियों का आवंटन किया गया है, जिसकी आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 07 मई 2026 निर्धारित है तथा संभावित यात्रा प्रारंभ तिथि 17 मई 2026 है। इसी प्रकार हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए 196 यात्रियों का चयन किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई 2026 एवं यात्रा प्रारंभ की संभावित तिथि 19 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों जैसे चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड सहित समय सीमा के भीतर जमा करें।

कलेक्टर के निर्देश- 20 मई से मिशन मोड पर होगा बंडा परियोजना में विस्थापन का कार्य

तीन दिन के भीतर डिस्मेंटल होंगे सभी शासकीय भवन,कॉलोनी में मिलेंगी सभी बुनियादी सुविधाएं

चारागाह और चारा भूमि का विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

सुरक्षा, समझाइश और संवेदनशीलता के साथ होगा विस्थापन, अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा तैनात

परियोजना से कुल 80,000 हेक्टेयर ज़मीन में होगी सिंचाई

क्षेत्र के कुल 278 गाँवों के किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

412 गाँवों के निवासियों के लिए मिलेगा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बंडा वृहद (उल्दन) परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के विस्थापन को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि जून माह में बांध का भराव शुरू होने से पहले, 20 मई से सभी प्रभावित गांवों के परिवारों को विस्थापन कॉलोनी में सुरक्षित शिफ्ट किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डूब क्षेत्र के सभी शासकीय भवनों स्कूल, आंगनवाड़ी, थाना और चिकित्सालय को आगामी तीन दिनों के भीतर डिस्मेंटल करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विस्थापन प्रक्रिया समझाइश और संवेदनशीलता के साथ करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने निर्देश दिए कि विस्थापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए प्रभावित ग्रामों में गुरुवार से ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला पुलिस बल की तैनाती और ग्रामीणों को समझाइश देकर स्वेच्छा से विस्थापित होने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

कलेक्टर पाल ने कहा कि शासकीय भवनों को गिराने की कार्यवाही भी पुलिस की मौजूदगी में की जाएगी। उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्देश दिए कि विस्थापन क्षेत्रों में न केवल नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, चिकित्सा, स्कूल आदि हों बल्कि विस्थापितों के पशुओं के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। पशुओं के लिए चारा भूमि (चारागाह) और अन्य प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किए जाएं। नई बस्ती में शुद्ध पेयजल और बिजली के कनेक्शन प्राथमिकता से उपलब्ध कराए जाएं।

प्रशासन ने मुआवजा वितरण और विधिक सहायता के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। एडीएम/एसडीएम के नेतृत्व में एक विशेष सेल सप्ताह के सातों दिन कार्य करेगा। जिन ग्रामीणों के आर्बिट्रेशन संबंधित केस या भू-अर्जन की राशि नहीं मिली है, उन्हें शिविरों में बुलाकर आवश्यक दस्तावेज लेकर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। साथ ही एसडीएम और एसडीओपी 20 मई तक प्रभावित गांवों में निरंतर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

बैठक में विस्थापन की प्रक्रिया को तेज करने के लिए 3 दिन में सभी शासकीय भवनों को डिस्मेंटल करने, 20 मई से विस्थापित परिवारों को कॉलोनी में शिफ्ट करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने एसडीएम और एसडीओपी को आगामी 7 दिनों तक लगातार फील्ड पर रहकर प्रगति की निगरानी करने के भी निर्देश दिए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, बंडा एसडीएम आरती यादव सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बंडा वृहद सिंचाई परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होने वाली है। परियोजना के लिए 3219.62 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इस योजना के पूर्ण होते ही सागर जिले की बंडा, शाहगढ़, मालथौन और छतरपुर की बक्सवाहा तहसील के किसानों का भाग्य बदल जाएगा।



रनगुंवा में विधायक पं.भार्गव ने लाला हरदौल शादी घर का लोकार्पण किया

गढाकोटा। सागर जिले के गढाकोटा के अटल बिहारी वाजपेई वार्ड क्रमांक 23 रनगुंवा में 50 लाख रुपए की लागत से बने लाला हरदौल शादी घर का लोकार्पण मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पं.भार्गव ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बेटियों का विवाह करना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इस शादी घर का निर्माण कराया गया है,ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कम लागत में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सके। निश्चित ही यह मंगल भवन वार्डवासियों एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं बहुउद्देशीय साबित होगा। इस अवसर पर न. पा. अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, न.पा. उपाध्यक्ष फूलवती पुरुषोत्तम यादव, तहसीलदार महेश दुबे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बसंत यादव, मण्डल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल, संजय पटेल पार्षद गण सहित मुख्य न.पा.अधिकारी धनंजय गुमास्ता आदि मौजूद थे।



त्याग समर्पण का कार्य है नर्सिंगः डॉ प्रतिभा तिवारी

सागर। अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के आवसर पर भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने नर्सिंग की कार्यकर्ता सदस्यों का नर्सिंग दिवस की बधाई देते हुए उनके कार्य की प्रषंसा करते हुए कहा कि ये कार्य केवल रोजगार नहीं अपितु समाज के प्रति अपनी सेवा और निष्ठा उत्कृष्ट कार्य है। इसमें असीम धैर्य, सहनशक्ति की आवश्यक्ता होती है। हमारी नर्स अपनी सुविधा की अव्हेलना करके मानवीय संवेदना के प्रति अपनी सेवा प्रदान करती हैं। ये वो समुदाय है जो सर्वधर्म सम्भाव से परिपूर्ण रहते हैं। जहाँ केवल मनुश्य के दर्द और कश्ट का निवारण करना ही उनका लक्ष्य होता है। समाज सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहता है। इस अवसर पर नैनसी जैन ने भी डॉ प्रतिभा तिवारी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में कुमारी आकांक्षा तिवारी, आरती पटेल, शिवा शुक्ला, मणिका यादव, हिमांषु सैनी, बैजनाथ बाग, दीपक, आरिफ खान आदि उपस्थित रहे।



आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल का काकागंज वार्ड में 16वां शिविर आयोजित

सागर। नगर निगम द्वारा संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल" शिविर का 16वां आयोजन पंतनगर एवं काकागंज वार्ड में महापौर संगीता सुशील तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की गई। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा पहली बार इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान सीधे उनके वार्डों में किया जा रहा है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जा रहा है जिससे लोगों को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर समय की बचत भी हो रही है और बेवजह परेशान नहीं होना पड़ रहा है। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने जनचैपाल शिविर में उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता प्रारंभ हो चुकी है।

सागर-दमोह रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो और बाइकों को मारी टक्कर, 4 पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



सागर-दमोह मार्ग पर बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो और मोटरसाइकिलों से टकरा गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल गढ़ाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

यह घटना गढ़ाकोटा तहसील अंतर्गत ग्राम चनौआ बुजुर्ग के पास हुई। बताया जा रहा है कि सागर से दमोह की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सामने चल रहे सवारी ऑटो तथा मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो और कई बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में घायल हुए लोगों को मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़ाकोटा तहसीलदार महेश दुबे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने तहसील कर्मचारियों के साथ मिलकर घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा पहुंचाया और इलाज की व्यवस्था कराई। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिवम दुबे भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के कारण कुछ समय तक सागर-दमोह मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। फिलहाल सभी घायल गढ़ाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचाररत हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

मकरोनिया के युवा ने यूके में लहराया परचम



सागर। जब कोई भारतीय विदेशी धरती पर अपनी काबिलियत के बल पर सफलता हासिल करता है तो ना केवल उस व्यक्ति के परिवार को उस पर गर्व होता है बल्कि हर भारतीय खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। भारतीय मूल के कई लोग दुनिया के अलग अलग देशों में बड़े बड़े पदों पर रहकर अपनी छाप छोड़ चुके है। हाल ही में एक ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया है जो सागर के लिए गौरव का विषय है। दरअसल मकरोनिया निवासी एक युवा आशीष शुक्ला ने ब्रिटेन में लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी से उम्मीदवार के तौर पर साउथबरो और विडवरो क्षेत्र से स्थानीय चुनावों में जीत हासिल कर यूके में रहने वाले भारतीयो के साथ साथ मध्य प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है। बता दे की आशीष शुक्ला डॉ हरिसिंह गौर को अपना आदर्श मानते है और वर्तमान में यूके में वरिष्ठ टेक्नोलॉजी, एवं यूटिलिटी प्रोफेशनल के तौर पर कार्यरत है। आशीष पत्नी सलोनी शुक्ला के साथ मिलकर ब्रिटेन में टेक्नोलोजी और एआई आधारित व्यवसाय भी संचालित कर रहे है। आशीष की इस उपलब्धि पर उनके पिता आर जी शुक्ला जो दूरसंचार सागर में उप जनरल मैनेजर के पद पर रहे हैं उन्होंने और उनकी माता गायत्री शुक्ला सहित परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। मकरोनिया नगर पालिका की एल्डरमैन सुधा पवन शर्मा ने इस खुशी के मौके पर शुक्ला परिवार को बधाई दी है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयरियों की निगमायुक्त ने समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने टीम सहित इलेक्ट्रिक वाहनों से किया विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत सागर शहर में दैनिक निरीक्षण के स्वरूप में परिवर्तन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग निरीक्षण के दौरान करने का निर्णय लिया। उन्होंने बुधवार को स्वयं इलेक्ट्रिक स्कूटर चलाकर और निगम के इंजीनियर्स, जोन प्रभारी, दरोगा, सफाईमित्र आदि नगर निगम अमले ने ई-रिक्शा में बैठकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्मीपुरा, पुरव्याऊ वार्ड, काकागंज वार्ड, पंतनगर वार्ड होते हुए महलवार देवी मंदिर के पास बने सार्वजनिक शौचालय मॉर्डन जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। इस मॉर्डन जन सुविधा केंद्र में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं और उनकी गुणवत्ता को स्वयं परखा। उन्होंने यहां बने यूरिनल्स में लगी नल टोंटी चालूकर पानी की उपलब्धता व सप्लाई का निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं पाकर शहर के सभी शौचालयों को इस प्रकार व्यवस्थित और नागरिक उपयोग अनुकूल बनाये रखने के निर्देश दिये।

निगमायुक्त खत्री ने संजयड्राइव रोड पर छोटी झील किनारे निर्माणाधीन घाट पर पहुंचकर निर्माणकार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की शहर के एक बड़े ब्लैक स्पॉट को समाप्त कर बनाया जा रहा यह घाट छोटी झील को प्रसिद्धि दिलाएगा। यहां की छतरीयां और अन्य सौन्दर्यकार्य सहित स्थापित प्रेरणादायी प्रतिमाऐं यहां से गुजरने वालों को कुछ देर यहां रुकने के लिए आकर्षित करेंगी और वर्तमान में भी यहां लोगों की चहल-पहल बढ़ी है। कबाड़ से जुगाड़ के क्षेत्र में सागर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न स्थलों पर लगी कबाड़ से निर्मित कलाकृतियाँ सभी को प्रेरित कर रहीं हैं। नागरिकों में भी पुरानी अनुपयोगी वस्तुओं के पूनरूपयोग बढ़ने लगा है। नागरिकों द्वारा 3आर सेंटरों में अपनी अनुपयोगी कबाड़ वस्तुएँ जैसे पुराने बर्तन, कपड़े, लकड़ी का सामान, पुनःउपयोगी प्लास्टिक सामग्री, टीन और प्लास्टिक के डब्बे आदि दान किये जा रहे हैं ताकि उनका बेहतर उपयोग किया जा सके। नगर निगम और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त की गयी कबाड़ सामग्री लोहे के पाईप, चददर, टीन, प्लास्टिक, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स, टायर आदि से अद्भुत कलाकृतियाँ निर्मित हो रहीं हैं यहां लगा यह विशाल आकार का गदा इसका एक उदाहरण है। पुराने अनुपयोगी पड़े इलेक्ट्रिक पोल के साथ जंग खा रही अनुपयोगी टीन चददर को जोड़कर यह शानदार गदा कलाकृति बनाई गई है जोकि आज यहां आकर्षण का केंद्र बनी है। उन्होंने कहा की इस घाट के शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूरा करें।सागर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए निगमायुक्त के मार्गदर्शन में निगम टीम द्वारा पुरजोर प्रयास किये जा रहे हैं। काकागंज पानी टंकी के पास बनी नगर निगम स्टोर शाखा में सागर के 48 वार्डों के जोन प्रभारी, सफाईमित्र, सफाईदरोगा इंजीनियर्स सहित नगर निगम अमले की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयरियों की निगमायुक्त ने समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। सागर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए स्वच्छता किट, शौचालय किट, डस्टबिन एवं मशीनरी आदि सभी आवश्यक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने और सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने कहा की शहर की तेजी से बेहतर सफाई हेतु मशीनी संसाधनों का उपयोग करें। हमारे पास आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीने, बड़ी जेसीबी मशीने, पानी टेंकर, डम्फर, ट्रेक्टर, कॉम्पेक्ट मशीनों सहित विशाल झील की सफाई हेतु फ्लोटिंग मशीन और अत्याधुनिक प्लांट हैं। आप सभी को इनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाये रखना है। उन्होंने कहा की स्वच्छ सर्वेक्षण की दृष्टि से आवश्यक प्रत्येक बिंदु की चिंता करते हुए बिंदूवार जानकारी एकत्र करें और डस्टबिन, नाडेप पिट, पेवर ब्लॉक, पेंटिंग व स्वच्छता ब्रांडिग, शौचालयों की व्यवस्था, नाले नालियों की सफाई, नागरिकों द्वारा गीला सूखा कचरा अलग-अलग डोर टू डोर कचरा गाड़ी में दिलाना आदि साफ-सफाई की तैयारियों ।



पीटीएस सागर में अराजपत्रित अधिकारियों हेतु आयोजित आपदा प्रबंधन कोर्स का समापन

सागर। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक पीटीएस सागर लवली सोनी के मार्गदर्शन में अराजपत्रित अधिकारियों हेतु आयोजित दो दिवसीय आपदा प्रबंधन कोर्स आज संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग एसव्हीएन विश्वविद्यालय के ए.के. सिंह और उनकी टीम ने आपदाओं के प्रकार, फायर सेफ्टी और बुनियादी प्रबंधन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक दुबे द्वारा सीपीआर और जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कोर्स के दूसरे दिन एसडीआरएफ की प्लाटून कमांडर समीक्षा श्रीधर एवं उनकी टीम ने संकट के समय घायलों को सुरक्षित निकालने की विभिन्न तकनीकों तात्कालिक स्ट्रेचर बनाने और जल आपदा के दौरान स्थानीय संसाधनों से तात्कालिक फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के अंत में निरीक्षक शअफरोज खांन द्वारा आभार व्यक्त किया गया. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को किसी भी आपदा की स्थिति में प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में दक्ष बनाना और उनमें त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना रहा।

13 से 15 मई तक लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री-ई विकास कैम्प

खाद वितरण के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी, सभी पंचायतों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़


आगामी खरीफ एवं रबी सीजन में किसानों को खाद वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 13, 14 एवं 15 मई को विशेष फार्मर रजिस्ट्री-ई विकास कैम्प आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जारी उक्त आदेश के अनुसार शिविरों में किसानों की फार्मर आईडी बनाने, छूटे हुए खसरा नंबर लिंक कराने तथा ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

व्यवस्था लागू की है

जिला प्रशासन के अनुसार मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रदेशभर में ई-विकास प्रणाली पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की व्यवस्था लागू की गई है। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिले में एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग की प्रगति 25 प्रतिशत से भी कम है। जबकि नई व्यवस्था के तहत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही किसानों को फसल अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी अथवा जिनके सभी खसरा नंबर लिंक नहीं



होंगे, उन्हें भविष्य में खाद प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शिविर से कम से कम एक दिन पूर्व ग्रामों में मुनादी कराकर किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की सूचना दी जाए। शिविरों में किसानों की फार्मर आईडी बनाना, सभी खसरों को फार्मर आईडी से लिंक करना, ई-टोकन बुकिंग एवं ई-विकास पोर्टल संबंधी कार्य किए जाएंगे। राजस्व विभाग के पटवारी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं खसरा लिंकिंग का कार्य करेंगे, जबकि कृषि विभाग, पंचायत सचिव एवं रोजगार



कार्यालय कलेक्टर (भू-संसाधन प्रबंधन) जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक 364/18/भू-अभि./PMK/2026 टीकमगढ़, दिनांक 11/05/2026

:: आदेश ::

मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के अ.शा.पत्र क्रमांक ई-2/उर्व./पी-2/26/188 भोपाल दिनांक 26.03.2026 के द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में ई-विकास प्रणाली पोर्टल के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान पाया गया है कि एग्रीस्टैक पोर्टल पर कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग के कार्य में प्रगति वर्तमान तक 25 प्रतिशत से भी कम है, जबकि ई-विकास प्रणाली अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसल अनुसार उर्वरक प्रदाय किया जाना है।

अतः कृषकों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री/बकेट क्लेमिंग के कार्य हेतु निर्धारित दिनांक 13-05-2026 से 15-05-2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाया जावे। निर्धारित शिविर के कम से कम एक दिन पूर्व किसानों को फार्मर आई.डी. बनवाने/छूटे खसरो को जोडने हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होने हेतु मुनादी करायें। फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग से वंचित कृषकों की शत-प्रतिशत निजी भूमि फार्मर आई.डी. से लिंक की जावे।

शिविर में किये जाने वाले कार्य निम्नानुसार हैं-

1. किसानों की फार्मर आई.डी. बनाना (राजस्व विभाग-पटवारी)
2. किसानों के समस्त खसरो को फार्मर आई.डी. से लिंक करना (राजस्व विभाग -पटवारी)
3. किसानों के ई-टोकन बुकिंग किया जाना (कृषि विभाग, पंचायत सचिव/रोजगार सहायक)
4. समिति स्तर में समिति के सदस्यों के ई-टोकन बुकिंग किया जाना (सहकारिता विभाग)

कृषकगणों को उक्त शिविर में 1. आधार कार्ड 2. भूमि स्वामित्व प्रमाण (खसरा/खतौनी) 3. मेबाईल नं. 4. समग्र आईडी. 5. मृत किसान की स्थिति में परिजनों द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य परिजनों की सहमति पत्र लाना आवश्यक होगा।

समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिविर हेतु नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। संपूर्ण शिविरों का संचालन एवं कार्य प्रगति हेतु संबंधित तहसीलदार उत्तरदायी होंगे एवं जिसका समन्वय अनुविभागीय कृषि अधिकारी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रतिदिन शिविर की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में संयुक्त हस्ताक्षर से उपलब्ध करावें।

लग्न- प्रपत्र

(विवेक श्रोत्रिय)
कलेक्टर
जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

सहायक द्वारा ई-टोकन बुकिंग कराई जाएगी। सहकारिता विभाग समिति स्तर पर सदस्यों की ई-टोकन बुकिंग सुनिश्चित करेगा।

प्रशासन ने बताया कि कई किसानों के मामलों में यह सामने आया है कि उनकी फार्मर रजिस्ट्री में सभी खसरा नंबर दर्ज नहीं हैं। इस प्रक्रिया को बकेट क्लेमिंग कहा जाता है। ऐसे किसानों को शिविर में पहुंचकर अपने छूटे हुए खसरा नंबर भी अनिवार्य रूप से जुड़वाने होंगे।

किसानों से की अपील

शिविर में शामिल होने वाले किसानों को आधार कार्ड, खसरा अथवा खतौनी, मोबाइल नंबर और समग्र आईडी साथ लाना अनिवार्य होगा। मृत किसान के प्रकरण में परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य वारिसों की सहमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। जिला प्रशासन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिविरों का नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। शिविरों की संपूर्ण व्यवस्था एवं कार्य प्रगति के लिए संबंधित तहसीलदार जिम्मेदार होंगे, जबकि कृषि विभाग के अधिकारी समन्वय करेंगे। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में पहुंचकर समय पर फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-विकास पंजीयन कराएं, ताकि आगामी सीजन में खाद वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ग्राम महेंद्र महेवा की घटना, पेट्रोल डालकर उठाया आत्मघाती कदम

शराब के नशे में युवक ने खुद को लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार रात पलेरा थाना क्षेत्र के महेंद्र महेवा गांव की है। मृतक की पहचान राजाराम कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया गया है कि युवक ने घर से कुछ दूरी पर यह कदम उठाया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद गंभीर हालत में युवक को पलेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे छतरपुर रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में युवक द्वारा स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात सामने आई है। मृतक के पिता कालीचरण कुशवाहा ने बताया कि उनका बेटा पिछले तीन दिनों से लगातार शराब पी रहा था। नशे की हालत में ही उसने यह कदम उठा लिया। परिवार वालों ने उसे कई बार शराब छोड़ने के लिए समझाया था, लेकिन वह नहीं माना। उन्होंने बताया कि युवक का किसी से कोई विवाद नहीं था। ग्रामीणों के मुताबिक, राजाराम मंगलवार रात गांव की एक दुकान से बोतल में पेट्रोल खरीदकर लाया था। इसके बाद वह दूसरे मोहल्ले में गया और खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।

विस्फोट हादसे में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा कस्बे में एक मकान में हुए विस्फोट के दौरान गंभीर रूप से झुलसे युवक की झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा मंगलवार दोपहर मेन मार्केट स्थित एक पटाखा व्यापारी के मकान में हुआ था, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार दिगौड़ा कस्बे के मेन मार्केट में रहने वाले पटाखा व्यापारी प्रभुदयाल कायस्थ के मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे तीसरी मंजिल पर बंटी उर्फ जितेंद्र कायस्थ और रोशन झां वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया और वहां बने टपरे में भीषण आग लग गई। घटना में प्रभुदयाल कायस्थ का छोटा बेटा बंटी उर्फ जितेंद्र कायस्थ और रोशन झां गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जितेंद्र कायस्थ की हालत अत्यधिक गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से झांसी रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि विस्फोट किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वेल्डिंग के दौरान हादसा होने की बात सामने आई है। परिजनों के मुताबिक झांसी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को दिगौड़ा लाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।



किराया मांगने पर टैक्सी चालक के साथ की गई घटना

बस स्टैंड पर 3 युवकों ने की पिटाई, घटना का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा कस्बे में किराया मांगना एक टैक्सी चालक को भारी पड़ गया। बस स्टैंड पर तीन युवकों ने चालक के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। घटना का वायरल वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दिगौड़ा निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश रजक टैक्सी चालक हैं। मंगलवार की शाम वह टीकमगढ़ से दिगौड़ा जा रहे थे। रास्ते में कुर्राई निवासी धीरेंद्र यादव उनकी टैक्सी में सवार हुआ। दिगौड़ा बस स्टैंड पहुंचने पर जब चालक ने किराया मांगा तो इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। पीड़ित चालक का आरोप है कि धीरेंद्र यादव ने पहले गाली-गलौज की, जिसके बाद उसके भाई राघवेंद्र यादव और गौरव यादव भी मौके पर पहुंच गए। तीनों ने मिलकर ओमप्रकाश के साथ मारपीट की। घटना के दौरान बस स्टैंड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास



मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। ओमप्रकाश रजक ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद आरोपी उसका मोबाइल फोन भी छीनकर ले गए। घटना में चालक घायल हो गया। इसके बाद उसने दिगौड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दिगौड़ा पुलिस का कहना है कि बस स्टैंड पर हुई मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो और शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है तथा जल्द वैधानिक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

जनगणना कार्य में जिले को मिली पहली सफलता

टीकमगढ़। जिले में चल रहे जनगणना कार्य के तहत टीकमगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में सर्किल-10 की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में सबसे पहले मकान सूचीकरण हाउस लिस्टिंग का कार्य पूर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टीम की इस सफलता को प्रशासनिक स्तर पर भी सराहा जा रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय सर्किल-10 के सुपरवाइजर अब्दुल करीम खान के कुशल नेतृत्व एवं टीम के बेहतर समन्वय को दिया जा रहा है। टीम में शामिल एचएलबी-52 शेख बजीर, एचएलबी-53 अनवार अहमद, एचएलबी-54 काजल सुल्ताना, एचएलबी-55 सिराज खान, एचएलबी-106 प्रेम सागर एवं एचएलबी-107 शमीम खान ने पूरी जिम्मेदारी, मेहनत और लगन के साथ निर्धारित समय से पहले कार्य को पूरा किया। पूरी टीम ने आपसी तालमेल और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जिले में सबसे पहले यह महत्वपूर्ण चरण पूर्ण कर प्रशासन के लिए एक मिसाल पेश की। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में टीमवर्क और नेतृत्व का शानदार उदाहरण देखने को मिला। इस उपलब्धि पर डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि शर्मा, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया तथा जनगणना प्रभारी अधिकारी द्वारा अब्दुल करीम खान एवं उनकी पूरी टीम का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया।

निर्धारित समय सीमा से पहले लक्ष्य के करीब पहुंचा नगर परिषद

जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार, 12 दिन में पूरा हुआ मकान सूचीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

भारत की जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर परिषद पलेरा में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में चल रहे इस अभियान ने नगर में अभूतपूर्व गति पकड़ी है और निर्धारित समय सीमा से काफी पहले ही लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। नगर परिषद की मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय एवं नगर प्रशासक के संयुक्त नेतृत्व और सतत मॉनिटरिंग के चलते प्रगणक एवं पर्यवेक्षक पूरी सक्रियता के साथ कार्य में जुटे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर कार्य की प्रगति पर नजर रखी जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जनगणना कार्य में नगर



परिषद के लिपिक राजकुमार खरे ने विशेष कार्यकुशलता का परिचय दिया है। बताया गया है कि उन्होंने अकेले लगभग 94 प्रतिशत कार्य को गति प्रदान की। वहीं राजकुमार खरे और मोनिका खरे ने महज एक सप्ताह के भीतर अपने आवंटित एचएलवी हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर मिसाल पेश की है। नगर परिषद क्षेत्र के कुल 34 एचएलवी में से 32 में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मात्र 12 दिनों के भीतर नगरीय क्षेत्र की लगभग सभी इकाइयों में डेटा प्रविष्टि का कार्य पूर्णता की ओर पहुंच गया है। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने भीषण गर्मी के बावजूद प्रतिदिन सुबह से घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल तरीके से आंकड़े संकलित किए। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कार्य होने से आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित की जा रही है। 30 मई की निर्धारित समय सीमा से पहले ही कार्य को अंतिम चरण में पहुंचाने पर चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। नगर में चर्चा है कि प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता और राजकुमार खरे सहित पूरी टीम के समर्पण के कारण पलेरा जनगणना कार्य में जिला स्तर पर अग्रणी नगर बनकर उभरा है।

पुलिस ने अपहृत नाबालिग को धार से किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में गुम एवं अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को जिला धार के ग्राम धामनोद से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गुम नाबालिग बालिकाओं की तलाश में मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए साइबर सेल की सहायता से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी अभियान के तहत वर्ष 2026 में अब तक टीकमगढ़ पुलिस देश के विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक गुम एवं अपहृत नाबालिगों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिला चुकी है। जानकारी के अनुसार 6 मई को थाना मोहनगढ़ में एक महिला फरियादिया द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में थाना मोहनगढ़ पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने लगातार पतारसी, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से तलाश अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के बाद 11 मई को पुलिस टीम ने अपहृत नाबालिग बालिका को ग्राम धामनोद, जिला धार में मंदिर के पास बनी झुग्गियों से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। इसके बाद बालिका को सुरक्षित थाना लाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण की गई तथा 12 मई को उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना मोहनगढ़ प्रभारी अंकित दुबे, प्रधान आरक्षक रघुवीर घोष, आरक्षक रामवीर गुर्जर, पुष्पराज सिंह, प्रशांत साहू, महिला आरक्षक शालिनी, एनआरएस मीना खंगार तथा साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक नगाईच एवं प्रधान आरक्षक रहमान खान की विशेष भूमिका रही।

विशेष अभियान के तहत परिजनों से मिलाई गई बालिका, अब तक 50 से अधिक मिल चुकी सफलता

बेटी को सुरक्षा,सम्मान व समान अवसर देना ही वास्तविक प्रगतिः एसपी

सहारा अभियान के तहत 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न, जिले में अब तक 285 कन्याओ के करा चुके विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

महिला सुरक्षा, सम्मान और समान अवसरों को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा संचालित सहारा अभियान जिले में सामाजिक संवेदनशीलता और जनसहयोग का प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को थाना चंदेरा क्षेत्र में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को समाज एवं पुलिस प्रशासन की ओर से उपयोगी उपहार भेंट कर उनके सुखद, सुरक्षित



और सम्मानपूर्ण वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी चंदेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन, प्रधान आरक्षक बृजेश शर्मा, आरक्षक सुनील, योगेंद्र, विनोद पलिया, महिला आरक्षक रुचि जाटव, सुनीता चौहान और रोशनी सहित पुलिस बल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता और जनसहभागिता का विशेष वातावरण देखने को मिला। पुलिस के अनुसार सहारा अभियान के तहत अब तक जिले में 285 कन्याओं के विवाह जनसहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराए जा चुके हैं। यह अभियान जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनकर उभरा है और समाज में बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दे रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई ने अपने संदेश में कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब प्रत्येक बेटी को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि सहारा अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के जीवन में आशा, सम्मान और आत्मविश्वास का संचार करने का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने समाज से बाल विवाह जैसी कुरीतियों के उन्मूलन और महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम ने महिला सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े नीड, परी, भरोसा, सहारा, आसरा एवं मजनू अभियान की जानकारी देते हुए नागरिकों से इन अभियानों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। यह आयोजन प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से बेटियों के सुरक्षित एवं सम्मानजनक भविष्य की मजबूत नींव रखने का संदेश देता नजर आया।

गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी

ललितपुर। चलती ट्रेन में यात्रियों के कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला गोरखपुर से भुसावल की यात्रा कर रही एक महिला यात्री के साथ सामने आया है, जहां अज्ञात बदमाश ने सोते समय उनके झोले से मोबाइल फोन पार कर दिया। महाराष्ट्र के अकोला निवासी अनुराधा चौहान पत्नी गजेंद्र सिंह चौहान ने जीआरपी ललितपुर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को वह ट्रेन संख्या 15029 (गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस) के कोच एस-1 की बर्थ संख्या 17 पर यात्रा कर रही थीं।

महिला अपराधों में 31 व चोरी मामलो में 46 प्रतिशत कमी

एसपी की लगातार मॉनिटरिंग से पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में कानून व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा प्रतिदिन आरटी कॉल एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से थाना स्तर की गतिविधियों की लगातार सख्त समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई की इसी नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी दिशा-निर्देशन का परिणाम अब जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा प्रतिदिन गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों, लंबित शिकायतों, विवेचनाओं, फरार एवं इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, साइबर अपराधों तथा जागरूकता अभियानों की समीक्षा की जा रही है। इसी सतत निगरानी और जवाबदेही के चलते जिले में अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जिला पुलिस के अनुसार महिला संबंधी अपराधों में 31 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि चोरी की घटनाओं में 46 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं साइबर अपराधों एवं साइबर शिकायतों में भी 21 प्रतिशत की कमी आई है, जिसे पुलिस की जागरूकता और त्वरित कार्रवाई का सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है। प्रशासनिक कार्यों में भी टीकमगढ़ पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के चलते जिला टीकमगढ़ प्रदेश स्तर पर छह बार प्रथम स्थान प्राप्त



कर चुका है। इसके अलावा पासपोर्ट सत्यापन एवं निराकरण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला पांच बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर चुका है। सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा एवं बेहतर क्रियान्वयन के चलते टीकमगढ़ जिला अब प्रदेश स्तर पर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं जिले के सभी 14 पुलिस थाना अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली के कारण आईएसओ प्रमाणित हो चुके हैं, जिसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिले में पुलिस द्वारा नवाचार के रूप में लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से आमजन को नशामुक्ति, ट्रैफिक नियमों, साइबर सुरक्षा तथा नए कानूनों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि इन अभियानों से जनता में जागरूकता बढ़ी है और पुलिस व नागरिकों के बीच विश्वास एवं सहभागिता भी मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि गंभीर अपराधों के शीघ्र निराकरण, महिला सुरक्षा, लंबित शिकायतों के समयबद्ध समाधान और आमजन से बेहतर संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। दैनिक ऑनलाइन समीक्षा बैठकों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहकर कार्यों की समीक्षा और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर रहे हैं।

एक सप्ताह का दिया आश्वासन 20 दिन बाद भी पूरा नहीं हुआ

नपा की बैठक आज, विकास के मुद्दे नहीं रखने पर हो सकता हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका परिषद की बैठक गुरुवार को आयोजित की जाएगी. एक सूत्रीय बिंदु, मेला दर स्वीकृत करने को लेकर आयोजित होने वाली इस बैठक में विकास के कार्य नहीं रखे जाने से हंगामा होना तय हैं क्योंकि 20 दिन पहले हुई बैठक में विकास के बिंदु नहीं रखे जाने पर पार्षदों ने बैठक करने से इनकार कर दिया था जिस पर सीएमओ ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर दोबारा बैठक आयोजित कराई जायेगी उसमें वार्डों में विकास के कार्य को रखा जायेंगे. सीएमओ द्वारा पार्षदों को उक्त आश्वासन दिए आज 20 दिन गुजरने के बाद परिषद की बैठक तो हो रही है लेकिन उसमें वार्डों के विकास कार्यों के जगह सिर्फ मेला श्री हजारेश्वर महादेव की दर स्वीकृत करने का बिंदु ही रखा गया है।

24 अप्रैल को नगर पालिका परिषद में बजट को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई थी इस बैठक में नगर पालिका में शहर के विकास का लिए बजट पास करने हेतु योजना बनाई थी पार्षदों ने बैठक में यह कहते हुए हंगामा कर दिया की बैठक में सिर्फ बजट पास करने को लेकर ही बिंदु रखे गए हैं वार्डों में विकास के काम नहीं रखें गए हैं जबकि विगत 6 माह से परिषद की बैठक आयोजित नहीं हुई है जिससे नगर के विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं. पहले सभी वार्डों में विकास के कार्यों को स्वीकृति देने के लिए एजेंडे में शामिल किया जाए उसके बाद ही बजट पर चर्चा होगी तब सीएमओ आरआर यादव ने समझाया था कि बजट नगर के विकास और नगर पालिका परिषद के लिए अति महत्वपूर्ण है इसलिए इसे सर्व सम्मति से पास कर लिया जाए रही विकास की बात तो हम आगामी बैठक में इसे रख सकते हैं पर पार्षद एजेंडे में उनके वार्डो के विकास कार्य पर चर्चा करने को तैयार नहीं थे वह तत्काल कामों की स्वीकृति करे इसके बाद में परिषद की अध्यक्षता कर रहे हैं उपाध्यक्ष संजय महाना सहित कुछ सीनियर पार्षदों की समझाइश इसके बाद सभी पार्षद इस बात के लिए तैयार हो गए कि सीएमओ एक सप्ताह के भीतर बैठक बुलाएंगे और विकास के कार्यों को उसमें स्वीकृति के लिए शामिल करेंगे, सीएमओ द्वारा बात मान लेने के बाद बैठक तो पूरी हो गई लेकिन विकास से जुड़ा है एजेंडा दोबारा नहीं जोड़ा गया अब गुरुवार को होने वाली बैठक में भी विकास का मुद्दा नहीं रखा है जिससे पार्षदों द्वारा बैठक में हंगामा करना तय हैं।



बैठक से पहले बैठक में पार्षद एकमत नहीं

सीएमओ द्वारा श्री हजारेश्वर महादेव मेला में ठेकेदार की दर स्वीकृत करने को लेकर बुलाई गई बैठक में विकास के मुद्दे शामिल नहीं करने से नाराज पार्षदों ने दो दिन पहले नगर पालिका में बैठक बुलाई और सीएमओ पर एजेंडे में विकास कार्य जोड़ने का दबाव बनाया लेकिन सीएमओ ने स्पष्ट बोल दिया कि यह बैठक सिर्फ मेला ठेका दर स्वीकृत करने को लेकर है इसमें नया बिंदु शामिल नहीं किया जाएगा विकास कार्य के लिए दोबारा बैठक बुलाई जा सकती है. एजेंडे में विकास कार्य शामिल कराने को लेकर अभी पार्षद एक मत नहीं हो सके.

16 मार्च को स्थगित हुई थी बैठक

नपा अध्यक्ष रेनू राठौर की अनुपस्थिति में कलेक्टर के निर्देश पर 16 मार्च 2026 को बैठक आयोजित करने का एजेंडा जारी किया गया था जिसमें शहर के विभिन्न विकास कार्य को भी शामिल किया गया था लेकिन एजेंडा जारी होने के 1 दिन बाद ही सीएमओ ने सभी पार्षदों के घर पर परिषद की बैठक स्थगित करने की सूचना भेज दी, फिर सीएम ने 24 अप्रैल 2026 को बैठक बुलाने के लिए एजेंडा जारी कर दिया पर इस बैठक में शहर विकास से जुड़े बिंदु नदारद थे सिर्फ बजट से जुड़ी बैठक एक मात्र बिंदु ही शामिल किया गया था इस प्रकार बैठक में खूब हंगामा हुआ लेकिन एक सप्ताह में दोबारा बैठक आयोजित कराने की बात कहकर पार्षदों को शांत कर दिया गया।

इनका कहना है...

परिषद की बैठक के अभाव में बीते 1 साल से शहर में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है, गुरुवार को हो रही बैठक में मैने वार्डों से जुड़े विकास के काम भी रखने का अनुरोध किया था लेकिन सीएमओ ने हठधर्मिता दिखाते हुए उसे नकार दिया।

सलाउद्दीन बेलीम
नेता प्रतिपक्ष नपा परिषद श्योपुर

लंबे समय से वार्डों में सड़क नाली जैसे निर्माण नहीं होने से पार्षदों के प्रति नाराजगी है मैने भी मांग की थी कि गुरुवार को होने वाली बैठक में बहुत जरूरी विकास कार्य को शामिल किया जाए लेकिन सीएमओ ने हमारी बात नजरअंदाज कर दी है।

भूपेंद्र गर्ग
पार्षद वार्ड नं 05

श्री हजारेश्वर महादेव मेला का ऑनलाइन टेंडर हो चुका है मानसून सिर पर है ऐसे में परिषद को दर स्वीकृत करना है इसलिए यह बैठक विशेष रूप से बुलाई गई है विकास के कार्यों के लिए हम जल्द ही दोबारा परिषद की बैठक बुलाएंगे।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

6 साल का 1500 रुपए महीना के हिसाब से एरियर भी देना पड़ेगा

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को कोर्ट से राहत देनी पड़ेगी 1500 रुपए बढ़ाकर सैलरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एक पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने सरकार को निर्देशित किया है कि कार्यकर्ताओं को तत्काल 1500 रुपए बड़ा हुआ वेतन दिया जाए और 6 साल से कम दिया जा रहा वेतन 1500 प्रति माह के हिसाब से एरियर के रूप में प्रदान किया जाए, कार्यकर्ताओं को कोर्ट से इस राहत के मिलने के बाद उन्हें लाखों रुपया सैलरी का एक साथ मिलने की उम्मीद बंध गई है.

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में मानदेय वृद्धि करते हुए 10 हजार रुपए किया था. इसके बाद केंद्र सरकार ने भी डेढ़ हजार रुपए की मानदेय वृद्धि की थी. लेकिन 2019 में राज्य सरकार ने अपने मानदेय में से डेढ़ हजार रुपए कम कर दिए और केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए डेढ़ हजार रुपए उस मानदेय में जोड़ दिया जिसके कारण बढ़ा हुआ डेढ़ हजार रुपए आज तक नहीं मिला. इस संबंध में राज्य सरकार के आला अधिकारीयों और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने पर यूनियन ने मामले को हाई कोर्ट के सामने याचिका के रूप में रखा जिसे स्वीकार करते हुए की गई सुनवाई के बाद फैसला 21 अप्रैल 2026 को दिया गया जिसमें काटा गया1500 रुपया एरियर सहित भुगतान किए जाने और 6 फीसद ब्याज के साथ दिए जाने का आदेश पारित किया है. इस फैसले से प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई है।



ग्रेच्युटी के भुगतान का मिलेगा लाभ

यूनियन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में ग्रेच्युटी के भुगतान किए जाने की अपील आंगनबाड़ी यूनियन गुजरात सीटू द्वारा की गई थी जिसका फैसला अप्रैल 2022 में आ चुका है. जिसमें आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी दिए जाने का फैसला दिया गया था इस फैसिलिटी के आधार पर हाई कोर्ट जबलपुर में भी याचिका दायर की गई जिसमें हाई कोर्ट द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करते हुए आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी दिए जाने का आदेश पारित किया गया है. जिसमें 6 माह के अंदर डिजिटल लागू किए जाने के लिए सरकार को आदेशित किया गया।

7.40.210 रुपए वसूलने के लिए ठेकेदार का मकान नीलाम होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ठेकेदार से 7 लाख 40 हजार 210 रूपए की वसूली करने के लिए प्रशासन उसके घर को नीलाम करेगा, तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा द्वारा आरआरसी के प्रकरण के अंतर्गत ठेकेदार बाबूलाल मंगल के मकान नीलामी की तिथि 26 मई को दोपहर 1 बजे से नियत की गई है। अचल संपत्ति नीलामी की उद्घोषणा अनुसार बकायादार बाबूलाल मंगल पुत्र नारायण मंगल ठेकेदार निवासी टोडी बाजार श्योपुर के विरूद्ध तहसीलदार न्यायालय के द्वारा आरआरसी प्रकरण पंजबद्ध किया जाकर विधिवत वसूली मांग पत्र जारी कर तामील कराया गया, किन्तु बकायादार पक्ष मांग पत्र तामीली के उपरांत अनुपस्थित रहा, बकायादार के चल-अचल संपत्ति के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्योपुर एवं हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन लिया गया, जिसके अनुसार अनावेदक बकायादार बाबूलाल मंगल निवासी वार्ड नंबर 19 श्योपुर के नाम नगरपालिका संपत्तिकर पंजी के क्रमांक 32 वार्ड क्रमांक 17 पर भवन दर्ज होना पाया गया। जिस पर तहसीलदार न्यायालय के द्वारा अचल संपत्ति कुर्की वांरट जरिये चस्पीदगी तामीली कराया गया तथा उपरोक्त वादग्रस्त भवन को कुर्क किये जाने के संबंध में टीप अंकित की गई।

लोकायुक्त के समक्ष विचाराधीन प्रकरण में बकायादार बाबूलाल मंगल के विरूद्ध आरोपित शोध्य बकाया राशि 7 लाख 40 हजार 210 रूपये की वसूली किये जाने हेतु उक्त कुर्कशुदा अचल संपत्ति की नीलामी 26 मई को दोपहर 1 बजे से न्यायालय तहसीलदार श्योपुर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी कार्यवाही में भाग ले सकते है।

सीबीएसई 12वीं में श्योपुर के विद्यालयों का दमदार प्रदर्शन, केवी का 100% रिजल्ट ,अपूर्वा बनी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में श्योपुर के विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। केंद्रीय विद्यालय श्योपुर ने 100 प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया, जबकि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) श्योपुर के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसरों में मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया।

केंद्रीय विद्यालय श्योपुर से परीक्षा में शामिल सभी 25 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय की छात्रा अपूर्वा पाराशर ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कनक चौरसिया ने 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि कुलदीप गोयल 85 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शिव प्रताप सिंह ने 84.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा ईशिका गौतम और खुशी चौहान ने 84.60 प्रतिशत, पुनम मीणा, रितिक शर्मा और वैष्णवी जाधव ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंश शर्मा और हर्षित गर्ग ने 81.60 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



विद्यालय की टॉपर अपूर्वा पाराशर ने अपनी सफलता का श्रेय सेल्फ स्टडी, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। बता दे कि अपूर्वा के पिता राजकुमार पाराशर शिक्षक हैं, जबकि माता रचना पाराशर गृहिणी हैं। वहीं पीएम श्री स्कूल जेएनवी श्योपुर का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के छात्र अनिकेश रावत ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित मीणा और आस्था शर्मा ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। भोले आदिवासी ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

अगरा जीआरएस को सेवा समाप्ति का नोटिस चार जीआरएस के विरूद्ध भी की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के कार्यो में उदासीनता बरतने पर अगरा के जीआरएस को सेवा समाप्ति की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है, वही दो जीआरएस का मानदेय राजसात करने और दो अन्य जीआरएस का मानदेय रोकने की कार्यवाही की गई है।

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत अगरा के रोजगार सहायक शंभू गोयल को संविदा सेवा समाप्त करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जारी नोटिस के अनुसार अगरा में जल संरक्षण के प्रगतिरत दो कार्यो को पूर्ण नही कराया गया है तथा अन्य कार्य नही किये गये है। उक्त कार्यो को 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है अन्यथा की स्थिति में संविदा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत बुढेरा के जीआरएस राजेन्द्र गुर्जर के विरूद्ध माह मई के मानदेय से 5 दिवस का तथा जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत कदवई के जीआरएस मनोज शर्मा के विरूद्ध माह मई के मानदेय से 7 दिवस का मानदेय राजसात किये जाने की कार्यवाही की गई है। जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत रानीपुरा के जीआरएस ओमप्रकाश गोलिया एवं जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत धौरेरा के जीआरएस रामभरत धाकड के मानदेय भुगतान पर आगामी आदेश तक रोक लगाने की कार्यवाही की गई है।



प्रेम, करुणा, सहजता और मानवीय संवेदनाओं के सजीव आत्मिक मित्र थे बाबा हरदेव सिंहः राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रतीक युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति को समर्पित 'समर्पण दिवस बुधवार को संत निरकारी सत्संग भवन सुठारा पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित राधेश्याम सिंह ने बाबा हरदेव सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा हरदेव सिंह केवल संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु ही नहीं थे, बल्कि वे प्रेम, करुणा, सहजता और मानवीय संवेदनाओं के सजीव आत्मिक मित्र थे। उनकी मधुर मुस्कान, विनम्र व्यक्तित्व और दिव्य वाणी ने अनगिनत हृदयों को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। उन्होंने मानव जीवन को आत्मज्ञान से आलोकित कर यह संदेश दिया कि सच्चा जीवन वही है, जो प्रेम, सेवा, सहअस्तित्व और समर्पण से परिपूर्ण हो। उनके दिव्य नेतृत्व में संत निरंकारी मिशन ने समाज सेवा को आध्यात्मिकता का अभिन्न अंग बनाते हुए रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की ऊर्जा को आध्यात्मिक दिशा देने जैसे अनेक लोककल्याणकारी कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त धारा प्रवाहित की। लगभग 36 वर्षों तक मिशन का नेतृत्व करते हुए बाबा हरदेव सिंह जी ने इसे वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। आज संत निरंकारी मिशन 67 से अधिक देशों में आध्यात्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों और मानव कल्याण की ज्योति प्रज्वलित कर रहा है। उनके तप, त्याग और दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप मिशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुआ तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सामाजिक एवं आर्थिक परिषद में सलाहकार के रूप में प्रतिष्ठा मिली। राधेश्याम सिंह ने कहा कि 'समर्पण दिवस' केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि उस दिव्य जीवन-दर्शन को आत्मसात करने का पावन पर्व है, जो मानवता को प्रेम, सेवा, विनम्रता और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ नीरज कुमार माहौर नेत्र रोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज श्योपुर ने कार्यक्रम में आधा सैकडा से अधिक लोगो की आंखो की जांच निशुल्क की।



जमीन आवंटन की प्रक्रिया चल रही ,भवन विकास निगम बनाएगा बिल्डिंग

शहर से 6 किमी दूर बनेगा 50 बेड का आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढावा देने के उद्देश्य से शासन की ओर से स्वीकृत किया गया 50 बेड का आयुर्वेदिक (आयुष) चिकित्सालय शहर से करीब 6 किलोमीटर दूर स्थित किलगांवडी गांव में बनेगा। किलगांवडी गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए करीब 20 एकड जमीन ढूंढ ली गई है और वर्तमान में इस जमीन को प्रशासन के द्वारा आयुष विभाग के आंवटित किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। जमीन आंवटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आंवटित जमीन पर 50 बेड का आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन बनना शुरू हो जाएगा। भवन निर्माण किए जाने का कार्य भवन विकास निगम करेगा।

खास बात यह है कि 50 बेड का ये आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनने के बाद जिले के लोगो को न सिर्फ बेहतर पंचकर्म और अन्य पारंपरिक चिकित्सा सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों की दूसरे शहरों पर इलाज के लिए निर्भरता भी कम हो जाएगी। इसके साथही एक किलोमीटर के दायरे में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और आयुर्वेदिक अस्पताल व कॉलेज भी स्थापित हो जाएगें। क्योकि मेडिकल कॉलेज पहले से ही किलगांवडी गांव के पास मौजूद नागदा गांव में संचालित हो रहा है। वहीं नर्सिंग कॉलेज भी मेडिकल कॉलेज के नजदीक ही बनेगा। बता दे कि श्योपुर जिले में वर्तमान में आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय जैसी कोई सुविधा नहीं है। इसलिए मप्र सरकार के द्वारा पिछले साल 2025 में श्योपुर जिले में 50 बेड का आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने की घोषणा की गई। वर्ष 2025 के बजट में सरकार ने इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए 14 करोड 95 लाख रूपए की मंजूरी भी प्रदान कर दी। शासन की मंजूरी मिलने के बाद जिले में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई।



छात्रों के लिए लर्निंग सेंटर के रूप में काम करेगा चिकित्सालय

प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि श्योपुर में 50 बेड का 14 करोड 95 लाख रूपए की लागत से जो आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन बनाया जाएगा,वो चिकित्सालय भवन आधुनिक होगा। इस आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जिले के जरूरत मंद लोगो को भर्ती करके उन्नत आयुर्वेदिक उपचार और जड़ी-बूटियों पर आधारित चिकित्सा उपलब्ध कराए जाएगी। इतना ही नहीं,यह चिकित्सालय भवन आगामी दिनो में श्योपुर में खुलने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रो के लिए प्रैक्टिकल लर्निंग सेंटर के रूप में कार्य करेगा। यह चिकित्सालय बनने के बाद श्योपुर जिले में आयुर्वेद डॉक्टर और स्टाफ की संख्या में बढोत्तरी होना तय हो गई है। इसलिए शासन की यह पहल श्योपुर जैसे दूरस्थ जिले में निवासरत लोगो के लिए प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए एक बड़ा कदम साबित होगी।

पहले पुलिस लाइन रोड पर भी तलाशी गई जमीन

50 बेड का आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनाए जाने के लिए पहले भूमि पुलिस लाइन रोड पर भी देखी गई थी। लेकिन पुलिस लाइन रोड पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन बनाए जाने के लिए उपयुक्त भूमि नहीं मिल सकी। क्योंकि सरकार की इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भी आगे चलकर आयुष कॉलेज का संचालन भी शुरू करने की योजना है। इसके लिए इस चिकित्सालय के लिए करीब 20 एकड जमीन की जरूरत है। मगर पुलिस लाइन रोड पर इतनी जमीन खाली नहीं मिली। जिसके बाद नागदा गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित किलगांवडी गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए जमीन तलाशी गई। बताया जा रहा है कि किलगांवडी गांव में 20 एकड जमीन मिल गई है जो आयुष विभाग के अधिकारियों को पसंद भी आ गई है। यही वजह है कि आयुष विभाग के अधिकारियों की हरीझंडी मिलने के बाद प्रशासन की ओर से उक्त जमीन को आयुर्वेदिक अस्पताल बनाए जाने के लिए आयुष विभाग को आवंटित किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इनका कहना है...

50 बेड का आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन बनाए जाने के लिए किलगांवडी में जमीन आंवटन किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में प्रतिवेदन तैयार करके कलेक्टर मैडम की ओर भेज दिया है। जल्द ही जमीन आंवटित हो जाएगी।

गगन सिंह मीणा
एसडीएम, श्योपुर

निलंबित पटवारी कराहल में कलेक्टर प्रतिनिधि बनकर संभाल रहा परीक्षा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस पटवारी को लापरवाही के आरोप में एसडीएम ने निलंबित कर दिया, वहीं पटवारी कलेक्टर प्रतिनिधि बनकर परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण काम की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निलंबित करने के बाद शायद प्रशासन उसे परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण काम से हटाना भूल गया है ऐसी स्थिति में निलंबन मानकर अगर पटवारी सेवाएं न दे तो परीक्षा का जैसा महत्वपूर्ण काम बाधित हो सकता है।

नायब तहसीलदार वृत-पहेला के प्रतिवेदन पर तत्कालीन मौजा पटवारी पहेला महेश बरैया को प.ह.न.34 में धान की फसल क्षति में लापरवाही के आरोप में एसडीएम कराहल ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1959 के नियम-3 के नियम (1) (2) व (3) का स्पष्ट उल्लघन मानते हुए निलंबित कर निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसील कराहल रखा गया था,लेकिन इसके बाद भी निलंबित पटवारी महेश बरैया आज भी कराहल स्थित परीक्षा केन्द्र पर दसवीं और बारहवीं की दूसरी परीक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधी बनकर ड्यूटी कैसे कर रहा है, यह बात अपने आप में अचंभित कर रही है। दरअसल शिक्षा विभाग ने उसकी ड्यूटी थाने से पेपर लाने और कापियाँ जमा करने में लगाई हुई है 8 मई को निलंबन किए जाने के बाद शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग दोनों ही इस बात को भूल गए कि निलंबित पटवारी के स्थान पर दूसरा कर्मचारी नियुक्त किया जाना है दरअसल शिक्षा विभाग तो राजस्व विभाग द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार ड्यूटी लगता है और वह पूर्व में ही ड्यूटी लगा चुका है पटवारी के स्थान पर नए कर्मचारी का नाम भी राजस्व विभाग को ही भेजना था।

वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



श्योपुर। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुरैना के तत्वाधान में ग्रीन नोबल ऐज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी छतरपुर द्वारा सेवा सहकार संस्था श्योपुर एवं कनापुर पर वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रीन नोबल ऐज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी छतरपुर के कमलेश खरे, निरीक्षक सहकारिता राहुल शर्मा, नोडल सीसीबी दिनेश गुप्ता,शिवदयाल गुप्ता एवं समिति प्रबंधक एवं किसान आदि उपस्थित रहें। वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान शासन की योजनाओं जैसे शून्य प्रतिशत पर ऋण, जीवन ज्योती बीमा, सुरक्षा बीमा, फसल बीमा, सहकारिता में सदस्यता अभियान, खाद ई-टोकन व्यवस्था एवं किसानों को पराली एवं नरवाई जलाने के नुकसान एवं अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया। वित्तीय साक्षरता शिविर 13 मई से 24 मई 2026 तक आयोजित किये जायेगे।

जनसुनवाई में एक पति अपनी पत्नी से परेशान होने की फरियाद लेकर पहुंचा

लूट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की तो किसी ने ट्रैक्टर वापस दिलाने का कहा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई आवेदक रोचक प्रसंग लेकर जनसुनवाई के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जनसुनवाई में वैसे तो शासन की योजनाओं का लाभ न मिलने के आवेदन लेकर हर मंगलवार को शहर से लेकर गांव तक के आवेदक आते हैं, लेकिन मंगलवार को जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर के कार्यालय में कई आवेदक रोचक एवं विभिन्न प्रकार के प्रसंग लेकर जनसुनवाई के लिए पहुंचे।

जमीन की जुताई पर ट्रैक्टर मांगा और अपने नाम से करा लिया

जनसुनवाई में ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम दहेला निवासी राजेन्द्र सिंह यादव अपनी शिकायत लेकर पहुंचा जिसमें कहा गया है कि उसका मैसी ट्रेक्टर 7250 है जिसका नम्बर एमपी 67 एए 4723 है जिसे प्रदीप पुत्र गजेन्द्र सिंह यादव उसके यहां से खेती का कार्य करने हेतु मांग कर ले गया था। जिसके बाद उसके द्वारा ट्रैक्टर वापस नहीं किया जा रहा है जबकि उसने यह ट्रेक्टर लोन से उठाया था और उसका ऋण भी पूरा कर चुका है। यह ट्रेक्टर उसने कभी प्रदीप यादव को विक्रय नहीं किया है न ही रखने को दिया है, ट्रेक्टर को प्रदीप ने मिली भगत से महेन्द्र पुत्र दिमान सिंह गुर्जर ग्राम शंकरपुर को ट्रेक्टर विक्रय कर दिया। उक्त संदर्भ में किरण कुमार उप परिवहन आयुक्त ग्वालियर को भी इस संबंध में शिकायत की गई है जिसकी विधिवत जांच कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किए जाने की मांग की गई है तथा उसका ट्रेक्टर उसे वापस दिलवाए जाने की मांग की है।

दावा जीतने के बाद भी खेत नहीं जोतने देने पर मदद की मांग

अशोकनगर तहसील के अंतर्गत ग्राम व्यानी निवासी मोहन सिंह पुत्र भगवान सिंह यादव ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी जमीन पर धारा 250 के अंतर्गत दावा हुआ था जो कि वह जीत चुका है। इसके बाद भी लक्ष्मण सिंह व उनके पुत्र रंगीलाल, लेखराज, भगवतसिंह, कृष्णपाल सिंह, टीकाराम, बहादुरसिंह, नारायण आदि लोग न्यायालय के आदेश के बाद भी उसे खेत जोतने दे रहे हैं न ही उसे खेत से निकलने दे रहे हैं। उक्त लोगों ने रास्ते में पानी का पाइप डाल रखा है जब भी हटाने को कहा जाता है तो कुल्हाड़ी लेकर मारने आ जाते हैं ऐसी स्थिति में कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

लूट का मामला दर्ज करने की मांग

पिपरई निवासी सुरेन्द्र पुत्र दयाराम अहिरवार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के यहां पर शिकायत की है कि प्राथी पुणे महाराष्ट्र में जॉव करता है और कभी कभी अपने माता पिता से मिलने पिपरई आता रहता है। 10 मई को 10 बजे की ट्रेन से पुणे वापिस जाने के लिए सुबह 9.30 बजे निकला था, उसके घर से थोडी ही दूरी पर धर्मेन्द्र और उसके 3 अन्य साथियों ने मिलकर मुझे मारा, मेरा मोबाइल छीन लिया और मेरे पास नगदी 2500 रूपए थे वह भी छीन लिए तथा और रूपए भी मुझसे मांगे, नहीं होने पर मुझसे मारपीट कर भाग गए। जिसके बाद में अपने घर लौटकर आया और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी, पिपरई थाने में रिपोर्ट कराने गया किन्तु रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

पति ने कहा वह बच्चा चाहता है लेकिन पत्नी नहीं चाहती

ग्राम डोंगर निवासी सतेन्द्र पुत्र शिशुपाल सिंह पत्नि से परेशान होकर पुलिस से मदद मांगी है, पति का कहना है कि वह अशोकनगर की ग्रीन सिटी कॉलोनी में रहता है और 7 माह पहले उसने कोर्ट मैरिज की थी। यह उसकी पत्नि का दूसरा विवाह है उसका पहले विवाह बामौर के किसी व्यक्ति के साथ हुआ था उसके बाद वह प्यासी निवासी शेलेन्द्र के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी थी, जिसके बाद उसको एक पांच वर्ष का बच्चा है एवं वहां से भाग क रवह कोर्ट मैरिज शादी करके मेरे साथ आ गई। हमारी शादी को 7 माह हो गए हैं मैं अशोकनगर में किराए से मकान लेकर रहता हूं, वह परिवार को दहेज और घरेलू हिंसा में फसाने की धमकी देती है, अब वह गर्भवती है और वह बच्चे को नहीं चाहती है कभी ट्रेन से मरने की धमकी देती है तो कभी आत्महत्या करने की बात करती है। 9 मई को भी उसके द्वारा फांसी लगाने का प्रयास किया गया था जिससे घबराए हुए पति ने पुलिस से मदद मांगी है।

शिविर के चौथे दिवस दिया संदेश

सम्यक ज्ञान व संस्कार जीवन की वास्तविक पूंजी: संदीप सरल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

अनेकांत ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रुत शिक्षण संस्कार शिविर के चौथे दिन मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान एवं भूगर्भ से प्राप्त अतिशयकारी श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का पूजन-विधान कर शिविर का शुभारंभ किया गया

इस मौके पर ब्रह्मचारी संदीप भैया ने कहा कि सम्यक ज्ञान और संस्कार ही जीवन की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक चिंतन, एकाग्रता, अध्ययनशीलता एवं संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज के संस्कारित बच्चे ही भविष्य में परिवार, समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल निर्माण करेंगे। उन्होंने प्रवचन में जैन दर्शन के गूढ़ सिद्धांतों को सरल उदाहरणों एवं वैज्ञानिक दृष्टांतों के माध्यम से समझाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

रेलवे रिटायर्ड कर्मचारी आरके जैन ने बताया कि शिविर परम पूज्य 108 नवाचार्य श्री समय सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 सरल सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से चल रहा है। शिविर में बाल ब्रह्मचारी अजय भैया ने बच्चों को अनुशासन एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। वहीं बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल भैया ने तत्त्वार्थसूत्र के 16वें से 25वें सूत्र तक का सरल एवं वैज्ञानिक विवेचन करते हुए प्रमाण, नय, ज्ञान, आत्मशुद्धि एवं संयम का महत्व बताया। जैन ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से ब्रह्मचारी संदीप भैया द्वारा प्राकृत भाषा का व्यवस्थित एवं सरस अध्ययन कराया जाता है।

ट्रैक्टर पर गिरी 11 केवी की बिजली लाइन

बहादुरपुर। कस्बे से एक किलोमीटर दूर गोरा मार्ग पर खोपरा गांव में एक ट्रैक्टर पर 11 केवी की बिजली लाइन के दो खंभे गिर गए। जिस समय खंभे गिरे, तब इस आबादी लाइन पर सप्लाई चालू थी, गनीमत रही कि लाइन के तारों ने ट्रैक्टर को नहीं छुआ, अन्यथा जानमाल की हानि हो सकती थी। बिजली कंपनी का दावा है कि टक्कर हुई है, वहीं ट्रैक्टर चालक का कहना है कि खंभे टूटकर गिरे हैं। बताया गया है कि खोपरा गांव से काली मिट्टी भरकर एक ट्रॉली को खाकलोन निवासी नीतेश नायक अपने मैसी ट्रैक्टर से ले जा रहा था। गोरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी आबादी लाइन के दो खंभे टूटकर ट्रैक्टर पर आ गिरे। जिससे ट्रैक्टर का टप टेढ़ा हो गया, हालांकि खंभे गिरते ही चालक नीचे उतर गया। जिससे उसकी जान बच गई। राहगीरों ने बिजली कंपनी को इसकी सूचना दी, जिसके बाद सप्लाई बंद कराई गई। जेई बाबूजी मंडेलिया ने बताया कि आज कोई आंधी तूफान नहीं आया, ट्रैक्टर की टक्कर से खंभे गिरे हैं, हमने उससे खंभे लगवाने के लिए कहा है, अगर वह खंभे नहीं लगवाएगा तो पुलिस में शिकायत करेंगे।

जीएनपीएस स्कूल की अंजली ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में किया टॉप


हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। जिसमें गोमती नंदन पब्लिक स्कूल का परीक्षा शानदार रहा। शाला के 75 परीक्षार्थियों परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें एक परीक्षार्थी को छोड़ सभी बच्चों ने सफलता हासिल की। शाला की अंजली सूर्यवंशी ने वाणिज्य संकाय में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया।

इसी तरह अंवी जैन ने विज्ञान संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं राजवीर अहिरवार ने विज्ञान संकाय में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान पर है। इसके अलावा स्वाति जैन एवं सौम्या यादव ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया।







विद्यार्थियों में व्यवसाय अध्ययन में अंजलि सूर्यवंशी ने 99 अंक, शारीरिक शिक्षा में अंजलि सूर्यवंशी 99 अंक, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में अंवी जैन एवं महक राजपूत 98 अंक, अंग्रेजी में स्वाति जैन ने 97 अंक, गणित में राजवीर अहिरवार ने 97 अंक, मार्केटिंग में अंजलि सूर्यवंशी ने 97 अंक, अर्थशास्त्र में सौम्या यादव ने 96 अंक, लेखाशास्त्र में अंजलि सूर्यवंशी 95 अंक, रसायन विज्ञान में अंवी जैन एवं राजवीर अहिरवार 93 अंक, जीव विज्ञान में महक राजपूत एवं साक्षी अहिरवार ने 93 अंक, भौतिक विज्ञान में राजवीर अहिरवार ने 92 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के संचालक विकास अग्रवाल सहित अन्य शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

प्रथम उपहार 1 कार



द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



तृतीय उपहार
10 नग LED TV



चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522